पेन शो | 11 से 12 अक्टूबर तक लंदन पेन शो, प्रदेश से एकमात्र कारोबारी कानपुर के, यूरोपियन, अफ्रीकन समेत कई देशों के उद्यमी करेंगे शिरकत

# लंदन के रास्ते दुनिया देखेगी यूपी के कलम का जादू

■ आशीष दीक्षित

**कानपुर।** शौक और शिल्प जब मिल जाएं तो हुनर की खुशबू सीमाओं से परे चली जाती है। कानपुर इसी मिसाल के रूप में अगले हफ्ते लंदन पेन शो 2025 में यूपी का प्रतिनिधित्व करेगा। 11 और 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस शो में अमेरिका, यूरोप, जापान, अफ्रीका समेत कई देशों के पेन उद्यमी और शौकीन हिस्सा लेंगे। प्रदेश से इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले शहर के संदीप अवस्थी अकेले कारोबारी हैं, जो पिछले 40 सालों से कलम निर्माण के क्षेत्र में सक्रिय हैं।



**10** साल तक टिक सकती है अच्छी फाउंटेन पेन की निब

- 18 साल से लगातार आयोजित हो रहा लंदन पेन शो, जुटते हैं दुनियाभर के उद्यमी
- 05 कारोबारी भारत से पेन शो में जाएंगे, यूपी का प्रतिनिधित्व करेगा कानपुर
- 650 करोड़ का सालाना कलम का निर्यात प्रदेश से होता, नोएडा की फर्म का दबदबा

लंदन के हैमरस्मिथ में एक होटल में आयोजित पेन शो का मकसद पुराने व आधुनिक कलम को दुनिया के सामने लाना है। पहली बार शो में शामिल होने वाले संदीप कहते हैं कि कलम का दौर अब आधुनिकता की भेंट चढ़ता जा रहा है। लोग अब केवल शौक के लिए कलम रखते हैं। ऐसे में यह आयोजन हमारे जैसे पुराने कलम कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण है।

**फाउंटेन और बॉल पेन की एक से एक वैरायटी तैयार:** कारोबारी संदीप बताते हैं कि लंदन पेन शो शानदार और बेहतरीन आयोजन है। इसके लिए वह महीनों से तैयारी कर रहे हैं। शो के लिए फाउंटेन और बॉल पेन की एक से वैरायटी तैयार की है। निब पर उनका पूरा जोर है। शो में हैंडमेड पेन, ब्रास, एक्रेलिक और रेजिन से बने मॉडल्स के साथ हिस्सा लेंगे। उनका कहना है यह न सिर्फ कारोबार का मौका है बल्कि भारतीय शिल्पकला को दुनिया के सामने पेश करने का अवसर भी है। खास तौर पर निब पर ध्यान दिया है, क्योंकि वही किसी कलम की रूह होती है।

**शो में 190 स्टॉल, देश के पांच** 2007 से लगातार आयोजित लंदन पेन शो में इस बार 190 स्टॉल लगाए जा रहे हैं। अलग-अलग देशों के कारोबारी शो में विंटेज से लेकर लग्जरी और लिमिटेड एडिशन तक की कलमें प्रदर्शित करेंगे। भारत से पांच कारोबारी शो में भाग लेंगे। यूपी से संदीप अवस्थी के अलावा मुंबई से दो, पुणे-चेन्नई से एक-एक कारोबारी कलम का जादू बिखेरेंगे।